## खबर संक्षेप



### योग शिविर में स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**करनाल।** "मेरा मिशन स्वस्थ भारत" अभियान के तहत योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में एक दिवसीय विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। केनरा बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग और प्राणायाम का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक की मंडल प्रबंधक मंजू राणा ने शिरकत की और विभिन्न कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले साधकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में यह प्रयास सराहनीय है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को सहयोग दिया जाएगा। पंचकूला से आए योग शिक्षक विनोद बजाज ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

### रक्तदान शिविर में 27 यूनिट रक्त एकत्रित

**घरौंडा।** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में रेड रिबन क्लब और जिला रैड क्रॉस सोसाइटी करनाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। करनाल सिविल अस्पताल टीम एवं डॉ वीरेंद्र सिंह दलाल के मार्गदर्शन में सुव्यस्थित ढंग से रक्तदान शिविर का संचालन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 27 यूनिट्स रक्त इकट्ठा किया गया। रक्तदान शिविर समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया घरौंडा के ब्रांच मैनेजर राधेश्याम शर्मा रहे। प्राचार्य डॉ सुरेंद्र नागिया लिंक करनाल सिविल हॉस्पिटल का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को इस रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री राधे श्याम शर्मा ने रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### सुदामा-श्रीकृष्ण प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु



**करनाल।** दयाल सिंह कॉलोनी पार्क में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी है। कथा के विश्राम अवसर पर प्रवक्ता श्याम मोहन भारद्वाज ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, जहां भगवान ने उनका स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उनकी गरीबी दूर कर सुदामा पुरी का निर्माण करवाया। कथा में आगे भगवान श्रीकृष्ण के लीला समापन, परीक्षित की कथा और जनमेजय के नाग यज्ञ का भी वर्णन किया गया। श्रीमद्भागवत सभी पुराणों में श्रेष्ठ है और यह ग्रंथ भक्त को भगवान से जोड़ने का सर्वोत्तम माध्यम है।

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अदालतों का किया निरीक्षण

- अजय कुमार शारदा व डॉ. इरम हसन ने प्लास्टिक त्याग और पौधरोपण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/असंध

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने सब डिवीजन असंध की अदालतों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीजे (सीनियर डिवीजन) हरीश सब्रवाल भी उनके साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान डॉ. इरम हसन ने पैनल अधिवक्ताओं से बातचीत की और पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग कम करना और अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की जरूरत है।

इसके बाद उन्होंने सालवन, असंध और मूनक स्थित कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पैरा लीगल वालंटियर को मार्गदर्शन देते हुए आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।




### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**इंद्री।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ा में प्रिंसिपल सुमन वर्मा की अध्यक्षता में पौधारोपण-पौधा पोषण अभियान चलाया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी डा. गुरनाम सिंह मंढान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान डा. गुरनाम सिंह मंढान ने चंदन का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण की सुरक्षा, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव हो पाया है। इसलिए इस जीवनदायिनी पृथ्वी के प्रति हमें नतमस्तक होकर कुदरत ढांचे को बचाना होगा ताकि धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव जंतु का भरण पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने कहा था की धरती सबका पेट भर सकती है लेकिन इच्छाओं की पूर्ति नहीं कर सकती। उन्होंने धरती पर शांति के साथ जीवन को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने स्कूल में चल रहे सौंदर्यीकरण के अभियान की भी प्रशंसा की। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पृथ्वी को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता महिंद्र खेड़ा ,विनोद कुमार, अनिल, जितेंद्र, चरणजीत, अनीता देवी , कविता, हरिराम कांबोज, सतीश तुसंग , सुनील, रोहित व कदम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पृथ्वी दिवस मनाया

**इंद्री।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला करनाल की टीम ने मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल इंद्री में विश्व पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। स्काउट मास्टर सुरेश कुमार व प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी इस धरा के सारथी हैं। इसकी देखरेख करना हमारा परम कर्तव्य है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर, पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद कर, नदियों को साफ रखकर व पानी बचाकर हम पृथ्वी की रक्षा कर सकते हैं। मात्र एक दिन पृथ्वी दिवस मनाना काफी नहीं, इसके लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। स्काउट मास्टर सुरेश कुमार ने कहा कि स्काउट एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं पृथ्वी की संरक्षण की बात हो या पर्यावरण को सुरक्षित रखना हो स्काउट हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हैं।

# पृथ्वी व जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं: धर्मेंद्र



- नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में जल संचयन पखवाड़ा दिवस के तहत जल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान की शुरुआत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तत्वाधान 22 मार्च 2021 को वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य की गई थी। इसमें कहा गया था कि अवधि 16 से 30 अप्रैल तक सभी विद्यालयों में जल पखवाड़ा मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मंच संचालन पांचवी कक्षा की छात्रा एकमप्रीत ने किया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष में पांचवी कक्षा की छात्राएं श्रेया ने अंग्रेजी में और शिवांगना ने हिंदी में अपने विचार प्रस्तुत किए। पांचवी कक्षा की गहना ने एक कविता के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी। 11वीं विज्ञान संकाय की छात्रा गुरकिरण ने सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस जल संरक्षण शपथ ग्रहण समारोह में अध्यापक वर्ग भी शामिल हुआ। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद अमूल्य है। उन्होंने छात्रों से जल संरक्षण को अपनी आदतों में शामिल करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने के लिए कहा।

# बी.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में किया विदाई समारोह

- वंश को मिस्टर फेयरवेल और कविता को मिस फेयरवेल चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री मे वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन मे किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं हास्य प्रस्तुतियों के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने पूरे वातावरण को उल्लास एवं उत्साह से भर दिया। विदाई समारोह के दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'मिस्टर एवं मिस फेयरवेल' सहित विभिन्न उपाधियाँ प्रदान की गईं। मिस फेयरवेल का खिताब कविता ने प्राप्त किया, जबकि सेजल को मिस ब्यूटी एवं खुशी को मिस परफेक्ट चुना गया। पुरुष वर्ग में वंश को मिस्टर फेयरवेल, हरदीप को मिस्टर हैंडसम तथा समीर को मिस्टर परफेक्ट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को भावुकता के साथ याद किया। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में विदाई समारोह के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ।

### बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन का किया ऐलान

**करनाल।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सिटी यूनिट करनाल की बैठक एचवीपीएन रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अजीत सैनी ने की, जबकि संचालन सचिव जगमाल ने किया। राज्य महासचिव राजेंद्र राणा और राज्य सचिव सतीश मान ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर 20 मई को अंबाला स्थित बिजली मंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद सरकार कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने में टालमटोल कर रही है। कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखकर उनका शोषण किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। बैठक में सर्कल सचिव विशाल बनवाला, राज्य कमेटी सदस्य विकास कुमार, जोगिंदर सिंह, रोहित शर्मा, सतीश कुमार, मोहन कुमार, रमेश शर्मा, महावीर सैनी,आदि मौजूद रहे।

# जीआईएस तकनीक से पंचायत विकास में आई पारदर्शिता

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

- डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान बोले– प्रशिक्षण से बढ़ेगी कार्यक्षमता, मिलेगा बेहतर परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जीआईएस आधारित तकनीक के उपयोग से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी और पारदर्शी हुई है।

इससे योजनाओं का लाभ तेजी से आमजन तक पहुंच रहा है। वे संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. कमलदीप सांगवान ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. चौहान ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।



उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लागू करने के लिए प्रेरित किया, ताकि ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल सके। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में हिंदी भाषा के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे योजनाओं की जानकारी आमजन तक सरलता से पहुंचती है। साथ ही उन्होंने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और चुनौतियों का सामना करने की भावना को सफलता की कुंजी बताया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से सलाहकार अब्दुल मुईद एवं वरिष्ठ सलाहकार गुरबिंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राजस्व मामलों का तय समय में करें निपटारा

- डीसी डॉ. आनंद शर्मा बोले, अब हर सप्ताह होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसीलों में लंबित जमाबंदी, इंतकाल (म्यूटेशन), राजस्व न्यायालय के मामलों और रिकवरी से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी मामलों की स्थिति समय पर पोर्टल पर अपडेट की जाए। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी ने कहा कि अब राजस्व विभाग के कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे करने होंगे। अब हर सप्ताह समीक्षा बैठक कर अधिकारियों की प्रगति का आकलन किया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जमाबंदी, इंतकाल, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई-भूमि पोर्टल, डिजिटल क्रॉप सर्वे, डिमार्केशन, आदि मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

# सूर्य मंदिर का स्थापना दिवस 1-2 मई को

- जागरण, नवग्रह पूजा व भंडारे के साथ होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) द्वारा सूर्य मंदिर का 24वां स्थापना दिवस 1 व 2 मई को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। वर्ष 2002 में पश्चिम यमुना नहर के किनारे स्थापित इस मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

बुधवार को मंदिर प्रतिनिधिमंडल ने मेयर रेणु बाला गुप्ता को समारोह का निमंत्रण पत्र सौंपा। मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने बताया कि 1 मई को मां भगवती जागरण आयोजित होगा, जबकि 2 मई को सुबह नवग्रह पूजा, ध्वजारोहण तथा दोपहर में भंडारे का



आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सभी धार्मिक पर्व उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं और महाछठ पर्व विशेष रूप से धूमधाम से आयोजित होता है।

समारोह में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता, विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व ओएसडी संजय बठला, पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह व पार्षद सुधीर यादव को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, रोहित कुमार, राम दयाल यादव, राम सागर यादव, शत्रोघन यादव, सिकंदर मेहतो, नागेंद्र मेहतो, नंद किशोर गुप्ता, अशोक कुमार, भूषण यादव, अरविंद यादव, दिलीप कुमार, दिवाकर, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### छात्राओं ने सीखी आधुनिक सौंदर्य तकनीकें




**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग की ओर से ब्राइडल मेकअप विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में द ग्लैम वर्ल्ड बाय रीना से आईं विशेषज्ञ रीना ने छात्राओं को ब्राइडल मेकअप की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने त्वचा की तैयारी, फाउंडेशन का सही उपयोग और हेयर स्टाइलिंग के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं ने इस दौरान त्वचा के प्रकार के अनुसार उत्पादों के चयन और सौंदर्य क्षेत्र के नए रुझानों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या मीनू शर्मा ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के कौशल विकास में सहायक होते हैं। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष लखविंदर कौर, प्राध्यापिकाएं सुष्मिता, प्रीति, तमन्ना, हिमानी, सुनैना, शैफाली, नवीन, रीना गुप्ता, लक्षिका व युक्ता का विशेष सहयोग रहा।

### दमकल कर्मियों की हड़ताल 26 अप्रैल तक बढ़ी



**करनाल।** अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के बैनर तले चल रही दमकल कर्मचारियों की हड़ताल को चार दिन और बढ़ा दिया गया है। अब कर्मचारी 26 अप्रैल तक हड़ताल पर रहेंगे। फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले दमकलकर्मी भवीचंद शर्मा और रणबीर सिंह को शहीद का दर्जा देने तथा उनके परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर यह आंदोलन जारी है। करनाल के सेक्टर-4 स्थित दमकल केंद्र में यूनियन के जिला प्रधान संदीप त्यागी के नेतृत्व में धरना जारी है। सर्व कर्मचारी संघ, सीटू और नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों का समर्थन किया। संदीप त्यागी ने बताया कि 24 और 25 अप्रैल को पूरे हरियाणा में झाड़ू उठाओ प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 27 व 28 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल और मांगें न माने जाने पर 1 व 2 मई को राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवाराम बड़सर, नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान राजकुमार, रामपाल, धर्मबीर राणा, कमलजीत, देविंद्र, राजेश शर्मा, अर्जुन, चैतराम, दिनेश राणा व धर्मवीर उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी

# 8.5 एकड़ अवैध कॉलोनी पर चला पंजा

- आमजन से अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/असंध

जिला योजनाकार ने बताया कि विभाग की टीम ने बुधवार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में असंध क्षेत्र में एक अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़े स्तर पर तोड़फोड़ की।

यह कॉलोनी मलकपुर रोड पर लगभग 8.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान कॉलोनी में बनाई गई सभी डीपीसी और कच्ची सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। टीम ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला योजनाकार ने बताया कि अवैध कॉलोनियां काटने और निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज करवाई जा रही हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे कॉलोनाइजर के किसी भी तरह के प्रलोभन में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें और केवल वैध कॉलोनियों में ही निवेश करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



**करनाल।** जिला योजनाकार निगम की टीम अवैध कॉलोनी में निर्माणों को बुल्डोजर से तहस-नहस करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# मेधावी विद्यार्थियों को सीएम सैनी ने किया सम्मानित

- परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री आत्म मनोहर आराधना मंदिर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में खेल, शिक्षा और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्र हरमन सिंह ने फुटबॉल में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने पंजाब यूथ लीग अंडर-17 (2022-23), मध्य प्रदेश प्रीमियर टूर्नामेंट (2024-25) और नेशनल फुटबॉल फेस्टिवल टूर्नामेंट (2024-25) में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया।

वहीं छात्रा जानवी, छात्र अवि और छात्रा माही कंबोज ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक वीना, मैनेजर शीतल और प्रिंसिपल तनुजा सचदेवा उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी डीलर के घर से 2.87 लाख चोरी

**पानीपत।** पानीपत के राकेश नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर सतीश ओम प्रकाश के घर से चोर ने 2 लाख 87 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। वहीं सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को उनकी पत्नी पानी पीने के लिए उठी थी और उसने चोर का पकड लिया। वहीं चोर छूट कर छत पर पहुंचा और सडक पर कूद कर फरार हो गया। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जरूरतमंद बच्चों को स्कूल भेजा

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के तीन बच्चों का प्रवेश छठी, सातवीं, दसवीं कक्षा में डीलक्स मॉडल स्कूल पानीपत में करवाया गया। वहीं, समिति सदस्य एवं पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि तीनों बच्चे मेधावी है और इनकी शिक्षा में धन की कमी को आडे नहीं आने दिया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य सुभाष सोनी व पवन खुराना आदि उपस्थित रहे।

### कंवल खुराना की आंखें दान की, दिया प्रमाण पत्र

**पानीपत।** जन सेवा दल के सहयोग से मरणोपरांत गांव फरीदपुर निवासी कंवल खुराना की परिजनों ने दोनों आंखें दान की है। जन सेवा दल के सचिव चमन गुलाटी ने खुराना परिवार का आभार जताया और उन्हें प्रमाण पत्र दिया। इधर, जन सेवा दल के कमल गुलाटी ने खुराना परिवार का ढांढस बाधा और कंवल की आंखों के दान के लिए उनका आभार जताया।

### पुलिस ने बाल श्रम के विरुद्ध किया जागरूक

**पानीपत।** पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग युनिट पानीपत ने एमडीडी ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ फ्लोरा चौंक पर जागरूकता अभियान चलाया। युनिट हैड एसआई संदीप कुमार ने कहा कि बच्चों से मजदूरी करवाना कानूनी अपराध होने के साथ साथ पाप है। इसके मद्देनजर बच्चों का शोषण ना करें, बच्चों को शिक्षित कराने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति या कोई गुमशुदगी अथवा मानव तस्करी की सूचना मिलती है तो इसकी सूचना पर मोबाइल संख्या 7015986378 पर दें। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया से अजय चौहान, एएसआई जगवीर, शेखर आदि उपस्थित रहे।

### मत्स्य संपदा से ग्रामीण क्षेत्र में होगा विकास : डीसी

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र का समग्र विकास करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। इस योजना को लेकर प्रशासन मछली उत्पादन बढ़ाने पर कार्य कर रहा हैं।

### पानीपत में बनेगी आधुनिक ट्रक पार्किंग

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को शहरी विधायक प्रमोद विज ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। वहीं, विधायक विज ने बताया कि हुडा सेक्टर 25 पार्ट-2 में ट्रकों के लिए आधुनिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए करीब 9 करोड़ रुपये का टेंडर पहले ही जारी हो चुका है।

### 131 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के बुहावी की कश्यप चौपाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गांव के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान चिकित्सक ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

## डीएसपीएस में पृथ्वी दिवस पर इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

# प्रकृति का दोहन बंद कर पौधरोपण व जल संरक्षण करें विद्यार्थीः डॉ. तोमर

कार्यक्रम में शहर के 10 से अधिक विद्यालयों के 60 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर अंतरविद्यालय पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें पानीपत शहर के दस विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इधर, दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर ने बताया कि पोस्टर बनाने में रिद्धि व नव्या बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल, हिमानी व अनुज दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, शुभांगी व भावनाडॉ एमकेके आर्य मॉडल स्कूल विजेता रहे। जबकि पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रताप पब्लिक स्कूल प्रथम, डॉ एमकेके द्वितीय, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल तृतीय रहा। विजेताओं को प्राचार्या डॉ विनीता तोमर, एसडी पीजी कॉलेज की प्रो. एकता दुरेजा व तन्नु ने पुरस्कृत किया।



पानीपत। दयाल सिंह स्कूल में विद्यार्थी बनाए गए पोस्टर्स का प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण को घना करें: अंजना

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-25 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेंटर द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर नागरिकों को पर्यावरण को घना करने, जल संरक्षण करने, प्रदूषण नहीं फैलाने, स्वच्छता को बढावा देने का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर सेंटर संचालिका बीके अंजना, अनु अग्रवाल, सरिता, राज सेतिया, सोनिया, वर्षा, शालू, उषा, बलदेव वर्मा, रविन्द्र, सत्यप्रकाश, दिलबाग, सचिन आदि उपस्थित रहे।

### पौध रोपने का संदेश दिया

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन हुआ। जिसमें चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, मैनेजर बलराम शर्मा समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, विद्यार्थियों को पर्यावरण को घना करने के लिए में पौधे रोपने के संदेश दिया गया।

### प्रकृति पर पोस्टर बनाए

**पानीपत।** विश्व पृथ्वी दिवस पर सौंदापुर स्थित एलएसबीटी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पृथ्वी को बचाने, प्रदूषण कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, विजेताओं प्रियांशु व प्राची को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सैनी, मनीषा सैनी, राखी सैनी, दीपिका, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक का त्याग करें: सिंह

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्लास्टिक-फ्री कैंपस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सतवीर सिंह, डॉ सुनीत शर्मा, डॉ पूनम मदान, डॉ निधान सिंह, डॉ अर्पणा गर्ग, प्रो पवन कुमार, डॉ विक्रम कुमार, प्रो अजय पाल, डॉ प्रवीन कुमार, प्रो अश्वनी गुप्ता, प्रो अंजलि गुप्ता, प्रो माधवी, डॉ भगवंत कौर, डॉ नेहा, प्रो राजेश बाला, प्रो रूहानी, प्रो दीप्ति, डॉ नीतू, प्रो प्रीती, प्रो नीरू, प्रो नीतू, टिंकू कुमार, संगीता, गणेश कुमार, संतोष आदि मौजूद रहे।




पानीपत। आर्य आदर्श स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी, पौधे रोपने का संदेश देते हुए।

## पर्यावरण जितना घना होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी : सुरजीत खर्ब

आर्य आदर्श स्कूल में पृथ्वी दिवस पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधे रापे

**पानीपत।** आर्य आदर्श स्कूल न्यू दीवान नगर, वार्ड 24 कच्चा कैंप में विश्व पृथ्वी दिवस पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ किया। वहीं स्कूल के इको क्लब से जुडे विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे मौसम अनुकूल होने पर जहां पौधा रोपण जारी रखेंगे, वहीं उन्होंने स्कूल परिसर में 25 एरीका पाम के पौधे रोपे। दूसरी ओर, स्कूल के निदेशक सुरजीत खर्ब, प्रिंसिपल अंजू खर्ब और हेड मिस्ट्रेस एकता कोच्चर ने कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। पर्यावरण घना होने से प्रदूषण कम होगा और मानव, पशुओं, जीव व जंतुओं का जीवन स्वस्थ्य और सरल हो जाएगा। मौके पर शिक्षक शिवेंद्र शर्मा, सुमन शर्मा, सिया गिरधर, रितु रमन आदि रहे।

## पृथ्वी दिवस पर प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान का शुभारंभ

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र जागलान मुख्य अतिथि तथा डॉ. नरेश ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि दोनों को अपने प्रकृति बचाओ–सम्मान पाओ



अभियान से जोड़ते हुए पौधारोपण की शपथ दिलाई तथा सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि उनका यह अभियान लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

## विद्यार्थियों को टेक्निकल शिक्षा पर जागरूक करना समय की मांग: ढांडा



**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा व एरीना एनीमेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व नेशनल सेल्स हेड शाजन सैमुअल ने बुधवार को पानीपत में एरीना एनीमेशन के ट्रैनिंग सेंटर का शुभारंभ किया। वहीं, हरपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत में एरीना एनीमेशन के ट्रैनिंग सेंटर के शुरू होने से गुणवत्तापूर्ण रचनात्मक शिक्षा को बढावा मिलेगा। वहीं, विद्यार्थियों को उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण मिलेगा और व वे रचनात्मक क्षेत्र में कैरियर बना सकेंगे। दूसरी ओर, इस केंद्र में विद्यार्थी एनीमेशन, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन और मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीएसपी राजवीर, एरीना एनीमेशन पानीपत के निदेशक सतीश कुमार, डा.सुमित शर्मा, डा.मोना शर्मा, वेद पराशर, महेंद्र कंसल, अमिता कोचर, सतीश तागरा, प्रीतम गुर्जर, अजय शर्मा, कमल राणा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक विज ने आधुनिक दमकल केंद्र के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

- फायर स्टेशन पर सुविधाओं की सूची तैयार करने को उद्यमियों की समिति बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शहर में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने हेतु हुडा के औद्योगिक सेक्टर 25 में बन रहे आधुनिक फायर स्टेशन के निर्माण कार्य का विधायक प्रमोद विज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ उद्यमी भी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु आदेश दिए हैं। साथ ही विधायक विज ने फायर स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त स्टेशन



पानीपत। निर्माणाधीन दमकल कैंप का निरीक्षण करते विधायक प्रमोद विज व उद्यमी।

को संचालित करने के लिए प्रयोग होने वाले उपकरणों की भी लिस्ट विभाग से मांगी है एवं विभाग को डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है। विधायक विज ने युवा उद्यमी रमन छाबड़ा के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है जिसमें सभी उद्यमी बैठकर आपस में निर्णय लेंगे कि फायर स्टेशन को किन आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता है एवं इंडस्ट्री की तरफ से उनकी क्या-क्या डिमांड है। इस विषय पर भी यह समिति आने वाले सोमवार तक अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। स्मरणीय है कि इस फायर स्टेशन के निर्माण पर 22 करोड रूपये की लागत आएगी। मौके पर उद्यमी रजत ग्रोवर, पूर्ण रावल, संदीप गोयल, विनीत शर्मा, नितिन अरोड़ा, विजेंद्र जागलान, हिमांशु शर्मा, चेतन तनेजा, पार्षद अमित नारंग आदि मौजूद रहे।

मुख्य बाजार में बढ़ा रहे फुटप्रिंट

# वी की 5 जी सेवा पानीपत में लॉन्च

**पानीपत।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी के सर्कल बिज़नेस हैड- हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर राहुल जोशी ने कहा कि वी, हरियाणा में 5 जी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है। के विस्तार को तेज़ कर रहे हैं, और राज्य के मुख्य मार्केट्स में अपना फुटप्रिन्ट बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वी ने जहां पानीपत व अंबाला में अपनी 5 जी सेवाएं शुरू की है। वहीं, मई माह में हिसार, भिवानी, करनाल, बहादुरगढ़, रोहतक में भी 5 जी सेवाओं को लॉन्च किया जाएगा। करेगा। अपनी 5 जी सेवाओं के विस्तार के लिए वी मुख्य मार्केट्स को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें ओद्यौगिक कॉरिडोर, डेटा की ज़्यादा खपत वाले सेंटर और उभरते शहरी क्लस्टर शामिल हैं।

मई में हिसार, रोहतक व बहादुरगढ़ में होगी लांचिंग

डिजिटल युग में क्रिएटिव करिअर के लिए रील मेकिंग स्किल जरूरी

# जीवन में अनुशासित मेहनत से मिलती है तरक्कीः डॉ अरोडा

- एसडी कॉलेज में श्री शीतल दास जैन फाउंडेशन के सहयोग से चल रहे है स्किल कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में चल रहे रील मेकिंग, ब्यूटी एंड वैलनेस कोर्स और केकरी बेकरी स्किल कोर्स की श्री शीतल दास जैन फाउंडेशन द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों से फीडबैक लिया गया और तीनों कोर्स की अब तक की समीक्षा की गई। तीनों कोर्स में कॉलेज के सौ विद्यार्थी शिक्षित हो रहे है। वहीं, कपिल जैन मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शीतल दास जैन फाउंडेशन, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा व कोर्स-कोऑर्डिनेटर डॉ मोनिका खुराना ने विद्यार्थियों का



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा के साथ अतिथि व विद्यार्थी।

हौंसला बढाते हुए कहा कि अनुशासित मेहनत के बल पर ही इंसान को तरक्की मिलती है। वहीं, विद्यार्थी, डिजिटल युग में क्रिएटिव करियर बनाना चाहते हैं तो रील मेकिंग स्किल बेहद महत्वपूर्ण है।

## सिविल अस्पताल में परिजनों के लिए बनेगा विश्राम सदन

**पानीपत।** पानीपत के सिविल अस्पताल में में मरीजों के परिजनों के लिए विश्राम सदन बनाने को लेकर जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सेवा सदन आरोग्य संस्थान चंडीगढ़ के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संस्थान के प्रतिनिधियों ने सामान्य अस्पताल परिसर में उस स्थान का निरीक्षण भी किया, जहां विश्राम सदन प्रस्तावित है। डीसी डॉ दहिया ने कहा कि मरीज के साथ आए परिजनों को भी सम्मान व सुविधा मिलनी चाहिए। विश्राम सदन का निर्माण मानवता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

# चुलकाना धाम पुलिस चौकी का शुभारंभ

**समालखा ( पानीपत)।** चुलकाना धाम स्थित श्याम बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को चुलकाना गांव में नई पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल डॉ. एम रवि किरण ने पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह के साथ विधिवत रिबन काटकर चौकी का शुभारंभ किया। श्री श्याम बाबा मंदिर परिसर समिति ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम रवि किरण और पुलिस अधीक्षक श्भूपेंद्र सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, श्याम बाबा मंदिर परिसर समिति के सदस्य और काफी संख्या में गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### आपात स्थिति से मिलेगा तुरंत निपटारा

डॉ. एम रवि किरण कहा कि चुलकाना धाम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना आवश्यक था। नई पुलिस चौकी के शुरू होने से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी और किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सकेगा। वहीं एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस चौकी का मुख्य उद्देश्य मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## पुलिस अधिकारियों व कर्मियों का द किडनी हॉस्पिटल के मेडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांचा

# तनाव से ही शरीर में पनपते हैं रोग : डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द किडनी हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया। कैंप में द किडनी हॉस्पिटल की टीम डॉ. जावेद जनरल मेडिसिन, डॉ. प्रियंका स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रितु राठी डायटीशियन के साथ नर्सिंग स्टाफ रितु, सानिया, पूजा मलिक, ललित, सौरभ, लैब टेक्नीशियन मीनू, फार्मेसी से अली, भूपेंद्र सिंह, कुलबीर कादयान, बाजिंदर ने




पानीपत। पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप में उपस्थित अतिथि व चिकित्सा आदि। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधिकारियों, कर्मियों व इनके परिजनों का स्वास्थ्य जांचा। जबकि कैंप के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. लाभ सिंह, पीपीएम कोऑर्डिनेटर गुरुदत्त डॉ नवजोत, नंद किशोर, आनंद ने अपनी टीम के साथ सहयोग किया। जबकि डीएसपी आत्माराम ने कैंप का शुभारंभ किया था। दूसरी ओर, द किडनी हॉस्पिटल की प्रमुख संचालिका डॉ दीप्ति जैन ने कहा कि तनाव के कारण ही अधिकतर रोग पनपते है, तनाव से बचे और चिकित्सकों की सलाह से जीवन यापन करें।

**न्यायालय तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत !**

**सतीश कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल निवासी मकान नम्बर 70/2 नियर परमहंस कुटिया पानीपत**
**बनाम**
जनरल पब्लिक !
हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सतीश कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल निवासी मकान नम्बर 70/2 नियर परमहंस कुटिया पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू पेश किया है जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता जगदीश लाल पुत्र श्री आत्मा राम की दिनांक 7/4/2021 व माता श्रीमति माया देवी की दिनांक 14/1/2021 को मृत्यू हो चुकी है यह कि जगदीश लाल की माता श्रीमति विदयावन्ती की काफी अरसा पहले मृत्यू हो चुकी है यह कि जगदीश लाल की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हलका पटवारी एव नगर पार्षद नवल जिन्दल वार्ड-9 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।
1- सतीश कुमार लड़का 2- राकेश कुमार लड़का 3- श्रीमति ज्योति लड़की 4-श्रीमति रजनी लड़की 5- श्रीमति सोनिया है मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है।
इनके इलावा मृतक जगदीश लाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**हस्ता/- तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**राजेश वर्मा पुत्र श्री बलबीर सिंह वर्मा निवासी विला नम्बर सी-1/9, सैक्टर-40 एल्डिको एस्टेट वन तहसील व जिला पानीपत व आदि**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**
इस इश्तेहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राजेश वर्मा पुत्र श्री बलवीर सिंह वर्मा निवासी विला नम्बर सी-1/9, सैक्टर-40 एल्डिको एस्टेट वन तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी के पिता स्व० बलबीर सिंह वर्मा पुत्र कुन्दन लाल का दिनांक 12.01.2002 को देहान्त हो चुका है। स्व० बलबीर सिंह वर्मा पुत्र कुन्दन लाल के देहान्त के बाद 1. लाजवंती (पत्नी) 2. राजेश वर्मा (पुत्र) 3. नीरज वर्मा (पुत्र) 5. पूजा वर्मा (पुत्री) 6. संगीता (पुत्री) 7. रजनी वर्मा (पुत्री) 8. मंजू (पुत्री) 9. पूनम वर्मा (पुत्री) ही जायज वारिस हैं। यह कि मृतक की माता स्व० कीर्ति वर्मा का अरसा पहले देहान्त हो चुका है। इनके अलवा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० बलबीर सिंह वर्मा पुत्र कुन्दन लाल के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**हस्ता/- तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत**

